**पूर्व मध्य रेल**

कार्यालय
महाप्रबन्धक (कार्मिक)
हाजीपुर
दिनांक -- 27.06.16

सं0:– ईसीआर / एचआरडी / राज / 254 / प्रधानाचार्य

महाप्रबंधक के सचिव–महाप्रबंधक महोदय को सादर सूचनार्थ।
अपर महाप्रबंधक / पूर्व मध्य रेल / हाजीपुर।
सभी विभागाध्यक्ष, पूर्व मध्य रेल / हाजीपुर।
वरि0 उपमहाप्रबंधक / पूमरे / हाजीपुर।
मंडल रेल प्रबन्धक / पूमरे / सोनपुर,समस्तीपुर,दानापुर,मुगलसराय,धनबाद
उप मुकाधि / आई आर एण्ड डब्लू / पूमरे / हाजीपुर
वमंकाधि / पूमरे / सोनपुर,समस्तीपुर,दानापुर,मुगलसराय,धनबाद
प्राचार्य, पूर्व मध्य रेल इंटर कॉलेज / मुगलसराय,गढहरा (सोनपुर मंडल)
प्रधानाचार्य, पूर्व मध्य रेल उच्च विद्यालय,धनबाद,दानापुर,झाझा (दानापुर मंडल)
सकाधि / एमपीपी / हाजीपुर–नेट पर अपलोड किये जाने हेतु।
सभी अतिरिक्त मंडल इकाई।

विषयः– प्रधानाचार्य रेलवे स्कूल (ग्रुप–बी) वेतनमान–9300–34800 ,ग्रेड वेतन–5400 के पद हेतु नामिका तैयार किया जाना।

*****

प्रधानाचार्य रेलवे स्कूल (ग्रुप–बी) वेतनमान 9300–34800, ग्रेड वेतन– 5400 के कुल–02 पद (सामान्य–01 एवं अ.ज.जा.–01) का चयन के आधार पर नामिका तैयार करने का विनिश्चय किया गया है। चयन का आधार मौखिक परीक्षा एवं सेवा अभिलेख होगी । जिसका विवरण निम्न प्रकार से हे :–

| परीक्षा | अधिकतम अंक | उत्तीर्णांक |
|---|---|---|
| मौखिक परीक्षा | 50 | 30 |
| सेवा अभिलेख | 50 | 30 |
| कुल | 100 | 60 |

चयन हेतु मौखिक परीक्षा **महाप्रबन्धक (कार्मिक) कार्यालय, पूर्व मध्य रेल / हाजीपुर में 11.30 बजे** से निम्न प्रकार से होगी।

**मौखिक परीक्षा की संभावित तिथिः– 19.07.2016**

उपर्युक्त परीक्षा के वास्तविक तिथि की सूचना अल्प अवधि नोटिस पर बाद में अलग से दी जायेगी। नियमानुसार प्रधानाचार्य के कुल–02 पद के विरूद्ध कुल–08 अभ्यर्थियों को चयन में बुलाया जाना है। अभ्यर्थियों का नाम अनुलग्नक (क) में है, तथा अनुलग्नक (ख) में उल्लेखित अभ्यर्थियों को स्टैण्ड बाई में रखा गया है।

सभी संबंधित नियंत्रक अधिकारियों से अनुरोध है कि अनुलग्नक (क) एवं अनुलग्नक (ख) में उल्लेखित कर्मचारियों को उपयुक्त चयन की सूचना से अवगत करा देवें एवं इस संबंध में अनुलग्नक (क) एवं (ख) के कर्मचारियों से अनुलग्नक (ग) में दिये गये प्रपत्र पर परीक्षा में शामिल होने हेतु उनकी सहमति / इच्छा या असहमति / अनिच्छा लिखित रूप से प्राप्त कर इसे अनिवार्य रूप से **दिनांक–11.07.2016** तक उपमुकाधि / राज0 / पूमरे / हाजीपुर को विशेष दूत से भेजें।

सभी संबन्धित अभ्यर्थी इसे परीक्षा का नोटिस समझे एवं तदनुसार परीक्षा में शामिल होने हुते तैयार रहे ।.

अनुलग्नक (क) के कोई अभ्यर्थी यदि चयन में शामिल होने हेतु अपनी अनिच्छा/असहमति देते है, तो अनुलग्नक (ख) के उतनी ही संख्या में इच्छुक अभ्यर्थियों को वरीयताक्रमानुसार चयन में बुलाया जायेगा।

अनुलग्नक (क) एवं (ख) के अभ्यर्थी यदि अवकाश, बीमारी, प्रशिक्षण या प्रतिनियुक्ति पर हो तो नियंत्रक अधिकारी अपने स्तर से इस आशय की सूचना निबंधित डाक से पावती सहित उनके वर्तमान पता पर भेजकर उनसे अनुलग्नक (ग) में निर्धारित प्रपत्र पर उनका इच्छा/अनिच्छा प्राप्त कर इस कार्यालय को भेजें।

सामान्य रूप से अनुपस्थिति मौखिक परीक्षा कराये जाने का कोई प्रावधान नहीं हैं, परन्तु पर्याप्त एवं संतोषजनक कारण तथा नियंत्रक अधिकारी द्वारा लिखित रूप से इसकी पुष्टि किये जाने के आधार पर अनुपस्थिति मौखिक परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जा सकती है, यदि अनुपस्थिति प्रशासनिक कारणों से अथवा किसी ऐसे कारण या परिस्थितिवश हो जो अभ्यर्थी के नियंत्रण से बाहर हो।

अनुलग्नक (क) एवं (ख) में उल्लेखित अभ्यर्थियों के वरीयता से संबन्धित किसी को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित आवेदन जिसमें पूर्ण विवरण दर्ज हो, को अपने नियंत्रक अधिकारी/कार्मिक अधिकारी के यहाँ जमा करें, जो उनके सेवा अभिलेख से विवरण का सत्यापण कर इस कार्यालय को **दिनांक 08.07.2016** तक भेजेगें। बाद में प्राप्त अपील पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

संलग्नक –(क), (ख) एवं (ग)

(दिलीप पासवान)
सकाधि/राज
कृते महाप्रबन्धक/कार्मिक

अनुलग्नक—क

List of eligible candidates for the selection of Principal (Gr. 'B')

| Sl. No | Name (S/Shri) | Com | DOB | Desig | Place of Posting |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | R.Tirkey | ST | 27.07.1959 | PGT. | ECRIC/MGS |
| 2 | Sarwar Azim | UR | 05.03.1968 | PGT. | ECRIC/MGS |
| 3 | B.Kumar | UR | 05.07.1965 | PGT. | ECRIC/MGS |
| 4 | Sarswati Dhan | ST | 03.01.1962 | HM. | RMP/EM/DHN |
| 5 | P. Siddiqui | UR | 10.01.1960 | PGT. | ECRIC/MGS |
| 6 | Shiv Kumar | SC | 01.08.1968 | PGT. | ECRIC/MGS |
| 7 | S.S.Sharma | UR | 10.07.1965 | PGT. | ECRIC/GHZ |
| 8 | A.K.Gupta | UR | 01.01.1974 | PGT. | ECRIC/GHZ |

अनुलग्नक—ख

Reserved list of eligible candidates for the selection of Principal (Gr. 'B')

| Sl. No | Name (S/Shri) | Com | DOB | Desig | Place of Posting |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sazid Anwar | UR | 03.01.1962 | HM. | ECRMS/DNR |

(दिलीप पासवान)
सकाधि / राज
कृते महाप्रबन्धक / कार्मिक

अनुलग्नक – "ग"

सेवा में,

महाप्रबन्धक (कार्मिक)
पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर

विषयः–प्रधानाचार्य (ग्रुप–बी) के पद के चयन में शामिल होने संबंधी सहमति /असहमति पत्र ।

संदर्भः–आपका पत्र सं0:–ईसीआर/एचआरडी/राज/254/प्रधानाचार्य, दिनांक –

******

महोदय,

मैं ............................................ पदनाम ............................................ नियुक्ति स्थान ............................................ आपके उक्त संदर्भित पत्र द्वारा जारी अधिसूचना की पावती देता हूँ ।

मैं प्रधानाचार्य (ग्रुप–बी) के उक्त चयन में शामिल होने का .................................. हूँ । (इच्छुक/इच्छुक नहीं हूँ – से खाली स्थान को भरें)

तिथि :–

अग्रसारित करने वाले नियंत्रक अधिकारी
का हस्ताक्षर , पदनाम मुहर सहित

आपका
हस्ताक्षरः–
नामः–
पदनामः–
स्थान